कृषि विज्ञान केन्द्र, आमस, गया

(बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर)

डा० एस. बी. सिंह
मुख्य वैज्ञानिक–सह–विश्वविद्यालय प्राध्यापक प्रभारी प्रधान

E-Mail Id: kvkamasgaya@gmail.com
मोबाईल सं०: 9431810044

वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 5वीं बैठक की कार्यवाही

कृषि विज्ञान केन्द्र, आमस, गया के वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 5वीं बैठक दिनांक 24.08.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, गया के सभागार में 03.00 बजे अपराह्न में आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता डा0 आर0 के0 सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर, भागलपुर द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त जिला के संवद्ध विभिन्न विभागों से जिला कृषि पदाधिकारी, गया–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा, गया/सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण), गया/जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, गया/जिला पशुपालन पदाधिकारी, गया/जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, गया/जिला मत्स्य पदाधिकारी, गया एवं अन्य पदाधिकारीगण; एन .जी. ओ. के प्रतिनिधिगण तथा सम्मानित किसान प्रतिनिधि के साथ –साथ केन्द्र के वैज्ञानिकों, विषय वस्तु विशेषज्ञों एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

उपस्थितिः पंजी अनुसार

केन्द्र के श्री सुनील कुमार चौधरी (विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि प्रसार) द्वारा सभी पदाधिकारीगण/प्रगतिशील कृषकों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् उन्होंने विगत बैठक (चतुर्थ) की कार्यवाही में दिए गए सुझावों के क्रियान्वनयन पर की गयी कार्रवाई से अवगत कराया गया एवं अगस्त 2022 से जुलाई 2023 तक के प्रगति प्रतिवेदन तथा आगामी प्रस्तावित कार्य योजना 2023–24 का प्रस्तुतीकरण माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान माननीय सदस्यों के विचारोपरांत महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए एवं कार्यवाही में इसका बिन्दुवार वर्णन निम्नांकित है –

1. कृषि विज्ञान केन्द्र, आमस, गया द्वारा कराया जाने वाले प्रशिक्षण हेतु तीन महिने का प्रशिक्षण कैलेण्डर बनाकर सभी सदस्यों को ईमेल से भेजा जाय एवं इसकी तिथि को दर्शाया जाय।
2. SCSP परियोजना अंतर्गत स्प्रे मशीन को SC कृषकों के उपयोग हेतु वितरित किया जाय एवं इससे संवंद्ध आय का आकलन किया जाय।
3. केन्द्र पर प्राकृतिक खेती प्रत्यक्षण में Nutrients, Organic Carbon, Soil microbes आदि पर प्रभाव का आकलन दिया जाय।
4. मोटे अनाज का बीज एवं रकवा में बढ़ोतरी करवाया जाना है तथा मोटे अनाज के तहत किसानों को इसके प्रसंस्करण का प्रशिक्षण एवं इसके प्रदर्शन करायें व बाजार के संबंध में जानकारी दिया जाय।
5. केन्द्र पर पशुपालन के प्रशिक्षण को अवश्य कराया जाय एवं प्रशिक्षण को व्यवहारिक रूप से करायें।
6. Proceedings की प्रति सभी माननीय सदस्यों को प्रेषित किया जाय एवं आमंत्रण पत्र के साथ विगत बैठक के ATR की प्रति उपलब्ध कराया जाय।
7. वर्ष 2024 से कृषि विज्ञान केन्द्र, आमस, गया की वैज्ञानिक सलाहकार समिति (SAC) की अगली बैठक केन्द्र पर ही आयोजित की जाएगी।

8. कृषि विज्ञान केन्द्र, आमस, गया में कम–से–कम 06 Demonstration Unit विकसित किया जाय।
9. 1–2 पन्ने में तकनीकी बुलेटिन में Technical pamphlets को तैयार किया जाय।
10. कृषि विज्ञान केन्द्र, आमस, गया अंतर्गत सूखाग्रस्त डुमरिया प्रखण्ड में सर्वेक्षण कर रिपोर्ट दिया जाय जिसमें किसानों की चाहत को ध्यान में रखकर फसल प्रणाली अपनाकर वैकल्पिक योजना बनाया जा सकता है।
11. धान रा0 श्वेता के बदले में अन्य प्रभेदों का उपयोग किया जाय।
12. किसानों के प्रक्षेत्र पर भ्रमण करने हेतु एक मोटर साईकिल को कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया से हस्तांतरण (भण्डारपंजी) से कराऐं जिससे तटवर्ती क्षेत्रों से संपर्क करने में असुविधा नहीं हो सके।

अन्त में माननीय अतिथियों/सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं बैठक समाप्त हुई।

01/09/2023
मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रभारी प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, आमस, गया

ज्ञापांकः 86 /कृ. वि. के., आमस, गया दिनांकः 01/09/2023

प्रतिलिपिः सभी गणमान्य सदस्यों को कार्यवाही की प्रति सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः क्षेत्रीय निदेशक, कृषि अनुसंधान संस्थान, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर भागलपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः निदेशक, अटारी, जोन–IV, पटना, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

01/09/2023
मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रभारी प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, आमस, गया